## कार्यालय कलेक्टर,सरगुजा (भू–अभिलेख शाखा ) अम्बिकापुर

क्रमांक / 1420 / अ.भू.अ. / 12 अम्बिकापुर,दिनांक 17 / 8 / 2012

### विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ शासन,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के ज्ञापन क्रमांक 6–138 / 2004 / 7–3 रायपुर ,दिनांक 31 / 07 / 2012 में प्रदत्त निर्देशों के अनुसार जिले में पटवारियों के रिक्त पदों हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए योग्य उम्मीदवार के चयन के लिए पटवारी चयन प्रतियोंगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु जिले के निवासी इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

2. आवेदन पत्र में संलग्न प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों को राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कराया जाए।
3. आवेदन पत्र दिनांक 10 / 09 / 2012 तक जिला कलेक्टर कार्यालय की भू–अभिलेख शाखा में कार्यालयीन दिवस में दोपहर 2.30 बजे तक जमा कराए जा सकते है।इसके उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. जिले में पटवारी (वेतनमान प्रशिक्षण उपरान्त नियुक्त होने पर रूपए 5,200–20,200 तथा ग्रेड पे रूपए 2,200 )
5. रिक्त पदों का विवरण निम्नांकित है :–

| क | जिले का नाम | रिक्त पदों की संख्या | वर्ग | | | | | | | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.ज.जा. | | अ.जा. | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनारक्षित | | | |
| | | | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | सरगुजा | 29 | 0 | 0 | 3 | 7 | 6 | 13 | 0 | 0 | 9 | 20 |

**शर्ते :–**

1. रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्वि हो सकती है। इस पर कलेक्टर का निर्णय अन्तिम होगा।
2. विज्ञापित दरों पर चयन करने या नहीं करने का अधिकार कलेक्टर के पास सुरक्षित रहेगा।
3. रिक्त पदो ंके विज्ञापन के संबंध में विस्तृत विवरण जिला कलेक्टर के कार्यालय / वेब साईट से लिया जा सकता है। जिन तहसीलों में इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है,उन विकास खण्ड मुख्यालय तथा तहसील मुख्यालय में ऑफ लाईन मोड में आवेदन पत्र का प्रारूप अपलोड किया गया है ताकि अभ्यार्थी कम्प्यूटर से आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर सके।
4. आयु सीमाः– आवेदक 1 जनवरी 2012 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच की आयु सीमा पूर्ण करता हो। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति / अन्य पिछ़ड़ा वर्ग / महिला आवेदकों के लिए आयु सीमा के मामले में शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के आधार परछूट मान्य होगी जो कि अधिकतम 45 वर्ष तक ही होगी।
5. **शैक्षणिक योग्यता :–आवेदक को कम से कम :–**

(i) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण (प्रमाण पत्र संलग्न करें) **तथा**

**(ii)** शासकीय अथवा अर्द्व शासकीय या भारत सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष का कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) प्रमाण पत्र संलग्न करें। **परन्तु** अनुसूचित क्षेत्र के सफल उम्मीदवार जो पटवारी पद पर चयनित होंगे,को शासकीय अथवा अर्द्व शासकीय या भारत सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्ष के अन्दर कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

6. **स्थानीय निवास और रोजगार कार्यालय का पंजीयनः–**
आवेदक को जिले का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है( प्रमाण पत्र संलग्न करें) तथा उसका नाम छत्तीसगढ़ के रोजगार कार्यालय में प्रविष्ठ होना चाहिए जो कि आवेदन दिनांक को जीवित भी हो ( प्रमाण पत्र संलग्न करें) ।

7 आवेदक पत्र ओर प्रवेश पत्र पर स्वयं का पास पोर्ट साईज छाया चित्र राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कर चस्पा किया जाए।

8 आवेदक द्वारा सभी प्रमाण पत्र यथा जन्म दिनांक हेतु हाई स्कूल (10 वीं) की अंक सूची /प्रमाण पत्र हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंक सूची/जाति प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण पत्र/रोजगार कार्यालय में जीवित प्रमाण पत्र,कम्प्यूटर अर्हता का प्रमाण पत्र (मान्यता प्राप्त संस्थाओ द्वारा ही ) आदि की प्रमाणित छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न की जाना आवश्यक है। इन्हें ज्वाइनिंग के समय मूल रूप से प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

9 कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) हेतु मात्र निम्नांकित को ही मान्यता है :–

(i) कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट– एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट मान्यता प्राप्त आई.टी.आई से

(ii) प्रदेश के पॉलिटेक्निक से मार्डन ऑफिस मेनेजमेंट या कम्प्यूटर साइंस या इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में त्रिवर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष डिप्लोमा।

(iii) पं.रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर/गुरू घासीदास विश्विविद्यालय बिलासपुर इंदिरागांधी मुक्त विश्वविद्यालय/भोज विश्वविद्यालय से एक वर्षीय ( POST GRADUATE DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION ) या समकक्ष डिप्लोमा।

(iv) मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्याालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साइंस/मॉर्डन ऑफिस मेनेजमेंट का डिप्लोमा ( 2 वर्ष से अन्यून)

(v) वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड यूनिवर्सिटी/मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रादत्त कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पी.जी.डिप्लोमा अथवा स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि।

(vi) DOCACC Society New Delhi द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा एवं

(vii) मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्राम असिस्टेंट व्यवसाय में प्रदत्त एक वर्षीय सर्टिफिकेट।

10 आवेदन के साथ आवेदक,स्वयं का डाक का पता लिखकर 10/– का डाक टिकट लगा लिफाफा संलग्न किया जाए।

11 पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होगी। जिला स्तरीय समिति द्वारा लिए गए निर्णय मान्य होंगे।

12 असत्य जानकारी प्रस्तुती पर उम्मीदवारों और चयन किसी भी स्तर पर निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

13 जिसकी दो से अधिक सन्तान हैं,जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है, पटवारी चयन परीक्षा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पात्र नहीं होंगे।

14 गृह ( पुलिस ) विभाग से चरित्र सत्यापन कराया जाएगा। आवेदक इसकी अनुकूलता पर ही प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

15 पटवारी चयन संबंधी प्रवेश पत्र काउंसिलिंग पत्र एवं नियुक्ति पत्र डाक से समय पर प्राप्त नहीं होने अथवा देर से प्राप्त होने पर जिला प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा। उक्त समस्त जानकारी हेतु जिला प्रशासन के वेब साइट www.surguja.nic.in/ पर सूचना निरन्तर देखी जा सकती है।

**कलेक्टर**
**सरगुजा**

# पटवारी चयन परीक्षा हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो राज पत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित |
|---|

**प्रति,**

**कलेक्टर**
**जिला सरगुजा**
**छत्तीसगढ़।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम | ........................................................................ |
| 2. | आवेदक के पिता का नाम | ........................................................................ |
| 3. | जन्म दिनांक ( अंको में) | ........................................................................ |
| | ( शब्दो में ) | ........................................................................ |
| | ( प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 4. | स्थायी निवास का पता | ........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................ |
| 5. | पत्र व्यवहार का पता | ........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................<br>.................................................... |
| 6. | दिनांक 1 जनवरी 2012 को आवेदक की आयु | वर्ष .....................माह........................... |
| 7. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के हो तो ( प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 8. | शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी स्कूल/ (10+2) बोर्ड का नाम वर्ष और प्राप्त प्रतिशत ( प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 9. | कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता(डिप्लोमा) (प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 10. | रोजगार कार्यालय का नाम तथा पंजीयन क्रमांक जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 11. | मूल निवास के जिले का नाम (छत्तीसगढ़ मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें) | .................................................................. |
| **12.** | **संलग्नकों की संख्या** | .................................................... |

स्थान .....................................

दिनांक / /2012

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**( नाम :– )**

**आवेदक अपने हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी के सामने करें एवं प्रमाणित कराएं**

# प्रवेश–पत्र

## पटवारी चयन परीक्षा वर्ष 2012–2013 जिला सरगुजा,छत्तीसगढ़

( इस प्रवेश पत्र में रोल नम्बर,परीक्षा केन्द्र व परीक्षा दिनांक को छोड़कर शेष पूर्तियां परीक्षार्थी को ही करना है। )

पास पोर्ट साईज का सत्यापित फोटो यहां चस्पा करें।

1. आवेदक का नाम :–.......................................................................................
2. आवेदक के पिता/पति का नाम :–.............................................................
3. निवासी :– .........................................................................................................
   ...........................................................................................
   ...........................................................................................
4. पत्र व्यवहार का पूरा पता :– .................................................................
   .................................................................
   .........................................................

1. परीक्षा दिनांक :– ....................................
2. परीक्षा समय :– ......................................
3. परीक्षा केन्द्र का पता :– ...........................................................................................................
   ...........................................................................................................
   ...........................................................................................................
   .

जारी करने वाले अधिकारी के
हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा

---

## कार्यालय कलेक्टर,सरगुजा ( भू–अभिलेख शाखा ) अम्बिकापुर,छ.ग.

## आवेदन प्राप्ति की रसीद

श्री....................................................................................पिता/पति. श्री.......................................................

की पटवारी चयन प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2012–2013 हेतु आवेदन पत्र मय सहपत्रों के प्राप्त हुआ।

स्थानः– अम्बिकापुर
दिनांक / /2012

प्राप्त कर्ता के हस्ताक्षर
एवं कार्यालय की पद मुद्रा